

मैं भी महाकाल उज्जैन शिव की नगरी का और आप भी शिव की नगरी के : डॉ. यादव

प्रदेश के 6 जिले के किसानों को राशि अंतरण की, श्योपुर जिले के किसानों को 103 करोड़ मिले

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 27 नवम्बर। बड़ौदा नगर के पुलिस ग्राउंड पर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर,पूर्व मंत्री रामनिवास रावत सहित जिले के नेताओं ने आज बड़ौदा नगर पुलिस ग्राउंड पर श्योपुर जिले सहित अन्य 6 जिलों में हुई धान, सोयाबीन फसल आपदा की राहत राशि अवतरण की ।

आज बड़ौदा नगर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर जिले के धान की फसल के हुए नुकसान की राहत राशि 238 करोड़ एवं श्योपुर जिलें को 103 करोड रुपऐ की राशि प्रदान की ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बडौदा नगर के पुलिस ग्राउंड पर आयोजित प्राकृतिक आपदा कार्यक्रम में श्योपुर जिले के 428 गांव एवं प्रदेश के अन्य जिलों में धान , सोयाबीन अन्य फसल वर्षा के कारण नष्ट होने पर उन्हें 238 करोड़ की राहत राशि लाखों किसानों को प्रदान की ।प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आज बड़ौदा नगर में आयोजित इस आपदा राहत राशि कार्यक्रम के अवसर पर मंच पर विधिवत दीप प्रतिज्योलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने श्योपुर जिले सहित प्रदेश के 6 जिलों के किसानों को 238 करोड़ की राशि वन क्लिक के माध्यम से कर प्रदान की ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्योपुर जिले के 428 गांव के लाखों किसानों को ?16000 प्रति हेक्टेयर के मान से यह राशि दी । उन्होंने मंच संबोधन के दौरान यह भी कहा कि आज से पहले यह राशि किसानों को 3 से 5000 मिला करती थी ।भाजपा सरकार किसानों की हितेषी सरकार है , प्रदेश के अन्नदाताओं की हर समस्या में तत्पर खड़ी है। डॉ यादव ने यह भी कहा कि श्योपुर जिले के 428 गांव के किसानों को 103 करोड रुपऐ धान एवं अन्य फसल मुआवजा दिया गया हैं।

उन्होंने प्रदेश के अन्य जिले मुरैना विदिशा के किसानों की अन्य फसल सोयाबीन आदि के लिए 238 करोड रुपऐ वन क्लिक आज श्योपुर से अवतरित की , मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह भी कहा कि देश के किसानों को पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि ?6000 थी अब उसे ?12000 दी जा रही है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के किसान देश का जवान खुशहाल है , हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेत में किसान सीमा पर जवान की चिंता करते हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार जहां किसान के सम्मान की बात होगी वहां तत्पर खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आप भी शिव की नगरी श्योपुर के हैं , और मैं भी महाकाल उज्जैन शिव की नगरी का हूं ।और श्योपुर की यह धरती अपने आप में पवित्र है , मुख्यमंत्री ने मंच संबोधन के दौरान कहा कि श्योपुर बड़ौदा की जनता का अपार प्रेम मुझे बार-बार खींच कर श्योपुर ला रहा है।

उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा आतमीय स्वागत सत्कार और आपका प्रेम मुझे श्योपुर आने के लिए अधिक खींचता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश ग्रामीण, शहरी, औद्योगिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अभी कहा कि कांग्रेस के समय ऐसी राशि नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि श्योपुर का एक डेलीकेट भोपाल आया था , और उन्होंने जिले के किसानों की धान एवं अन्य फसलों के नुकसान की बात रखी थी , मैंने उन्हें वादा किया था , कि मैं उनकी इस समस्या का समाधान करने स्वयं आपके जिले में आऊंगा और आज में आया हूं मैं खाली हाथ नहीं आया हूं , मुझे आपके विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने भी कहा की कई क्षेत्र में काफी नुकसान है। और किसानों को धान अन्य फसल का मुआवजा दिया जाना चाहिए ।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जिले का किसान काफी परेशान है , और किसानों ने कहा कि हम लुट गए है, पिट गए है, अब क्या करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि किसान किसी बात की चिंता ना करें सरकार किसानों , जवानों के साथ तत पर खड़ी है, और आज में श्योपुर बड़ौदा मैं राहत राशि वितरण कार्यक्रम में आपके समक्ष हूं , किसानों को इस राशि का अवतरण कर रहा हूँ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री यह भी कहा कि श्योपुर जिले की जनता का जो अपार प्रेम मुझे मिल रहा है मैं इसे याद रखूंगा और जिस तरह जिले की जनता मुझे प्रेम दे रही है मैं पुन: श्योपुर आऊंगा 238 करोड़ की 6 जिलों के लिए दी गई यह राशि वन क्लिक के माध्यम से की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने बड़ौदा में विभिन्न घोषणाएं कीं

बड़ौदा नाला निर्माण , पुलिस थाने के पास पुलिया , कस्बा बड़ौदा ,गीता भवन , चंद्र सागर , बाढ़ प्रभावित बड़ौदा को अधोसर्चना हेतु विभिन्न सौगातें प्रदान की ।उन्होंने 41 करोड़ के लगभग बड़ौदा को स्वीकृत किए।प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि श्योपुर की दोनों विधानसभाओं के विधायक हार गए तो क्या हुआ हम शोगात तो में कहीं पीछे नहीं हटेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे।

मेरा श्योपुर बड़ौदा से अति लगाव है : नरेन्द्र सिंह

इस अवसर पर कृषि कल्याण मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने भी मंच संबोधन के दौरान हमारे अन्नदाताओं के पहुंचने एवं राहत राशि प्रदान करने आए प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं किसानों का स्वागत किया , विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी मंच संबोधन के दौरान कहां की श्योपुर का एक डेलिकेट मुझे लगातार फोन पर एवं मिलने भोपाल पहुंचा तब वह कह रहे थे कि भाई साहब लुट गए पिट गए अब क्या होगा ।मैंने उन्हें कहा कि श्योपुर जिले के किसानों सहित अन्य जिलों के किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाएगा ।श्योपुर बड़ौदा की जनता मुझे निरंतर संपर्क में रहती है , उन्होंने छोटी-छोटी मांगे भी रखी है जो मैं आपके समक्ष रख रहा हूँ।

लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बडौदा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव नें इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 2 करोड 75 लाख रूपये की लागत से सेसईपुरा में निर्मित आदिवासी बालक आश्रम का लोकार्पण । 14 करोड 80 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले नर्सिग कॉलेज भवन, 14 करोड 95 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले 50 बिस्तरीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 96 लाख की लागत से श्योपुर में बनने वाले बागवानी और खाद प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केन्द्र, ग्राम लहरौनी में 2 करोड 61 लाख, ग्राम बलावनी में 2 करोड 53 लाख एवं डाबीपुरा में 2 करोड 49 लाख की लागत से बनने वाले नवीन 33/11 केव्ही विधुत उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया ।इसके साथ ही विभिन्न योजनाओ में हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

शासकीय महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया संविधान दिवस

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़, 27 नवम्बर। इंदरगढ़ शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में आज भारतीय ज्ञान परम्परा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत भारतीय संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलय गोस्वामी ने संविधान की प्रस्तावना के वाचन से कियाए उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा हमारा संविधान देश का सर्वोच्च कानून हैए हमारे राष्ट्र की आत्मा हैए संविधान नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति की

स्वतंत्रता, धर्म और उपासना का अधिकार प्रदान करता है जो लोकतंत्र को मजबूत करता है । कार्यक्रम के दौरान दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम प्रतियोगिता स्लोगन राइटिंग थी जिसमें प्रथम स्थान छाया जाटव नेए द्वितीय स्थान मुस्कान जाटव ने और तृतीय स्थान अंजलि तोमर ने प्राप्त किया । द्वितीय प्रतियोगिता प्रश्न मंच थी जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इसमें प्रथम स्थान काजल गुर्जरए द्वितीय स्थान करन जाटव एवं तृतीय स्थान खुशी परिहार ने प्राप्त किया स कार्यक्रम की सयोंजक डॉ सरिता सिंह ने कहा भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं हैए बल्कि हमारे लोकतंत्र की नींव है और हमारे अधिकारों का संरक्षक है। हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ थाए इसको बनने में 2 साल 11महीने 18 दिन लगेए इसको बनने में लगभग 64 लाख रूपए खर्चा आया था स प्रोफेसर टेक चंद भारद्वाज ने कहा हमें गर्व है कि हमारा संविधान दुनियां का सबसे व्यापक और विशाल संविधान है हमारा संविधान हमको बताता है कि देश को कैसे चलाना है।

नागरिकों को कौन से अधिकार और उनकी देश के प्रति कौन सी जिम्मेदारी होगी स कार्यक्रम में मंच का संचालन एनए् एसए् एसए् सयोजक डॉ मुकेश मौर्य ने किया आभार श्री शुभम तिवारी ने किया । कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र ध्छात्राएं उपस्थित रही।

लांच स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़, 27 नवम्बर। इंदरगढ़ शासकीय माध्यमिक विद्यालय लांच में संविधान दिवस मनाया गया बड़ी धूम धाम से मनाया गया विद्यालय के प्रधान अध्यापक श्री हरिमोहन जाटव द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर श्रद्धा के सुमन समर्पित किए और छात्र.छात्राओं को संविधान की किताब दिखाकर उसके संविधान के बारे में बताया मोके पर विद्यालय के शिक्षक लल्लू सिंह जाटव की उपस्थिति रही।

एक नजर में

सीएम के बड़ौदा आगमन पर हेलीपैड पर की आगवानी

श्योपुर, 27 नवंबर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के श्योपुर जिले के बडौदा पहुँचने पर चन्द्रसागर स्थित सोरती मैदान में हेलीपैड स्थल पर प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित कमश्निर सुरेश कुमार, डीआईजी सुनील कुमार जैन, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा आगवानी की गई। इसके साथ ही सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, पूर्व वनमंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, सुजीत गर्ग आदि अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा आगवानी कर स्वागत किया गया।

थाना परिसर में किया पौधरोपण, वरिष्ठजनों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज
इंदरगढ़, 27 नवम्बर। नगर के वरिष्ठ पत्रकार स्व सुरेंद्र गोस्वामी की प्रथम पुण्यतिथि पर सामाजिक लोगों एवं पत्रकार गणों के द्वारा नगर के थाना परिषर में स्थित थानापति हनुमान मंदिर के सामने पौधरोपण किया और पीपल के पौधे रोपे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम के पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

स्व गोस्वामी की प्रथम पुण्य तिथि पर बुधवार की सुबह उनके



ज्येष्ठ पुत्र एवं मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष नितेंद्र गोस्वामी के द्वारा पुलिस थाने के पास थानापति हनुमान मंदिर परिसर में पीपल के पौधे रोपे गए और उन्हें जाली लगाकर सुरक्षित किया इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचकर मरीजों एवं उनके अटेंडरो को फल व बिस्कुट वितरित किए स्वर्गीय गोस्वामी के निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें नितेंद्र गोस्वामी सुरेंद्र श्रीवास्तव अनूप जाट नगर के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप नाहर रामप्रकाश गुप्ता मारुति नंदन उपाध्याय संजीव रिछारिया सुरेंद्र शर्मा प्रवीण श्रीवास्तव श्यामू सडैया अरविंद गुप्ता अवनीश दुबे पवन दातरे एवं पत्रकार साथियों के द्वारा सामाजिक एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान हुआ इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया पूर्व विधायक कुंवर घनश्याम सिंह मंडल अध्यक्ष राम लखन सिंह गुर्जर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी पूर्व प्राचार्य सीपी पटसरियाए रामस्वरूप मंडेलिया पूर्व थाना प्रभारी बाई एश तोमर मनोज गोस्वामी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव अनवर खान विनोद उपाध्यायए नवनीत श्रीवास्तव आर के शर्मा एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे संचालन रामस्वरूप मंडेलिया ने एवं आभार नितेंद्र गोस्वामी के द्वारा किया गया।

पैर में दर्द से परेशान किसान ने जहर खाकर की आत्महत्या

बैतूल। सांवंगी पट्टन इलाके में गुरुवार सुबह एक किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली थी, जिसके बाद उसकी हालत लगातार खराब होती चली गई। मृतक की पहचान सुभाष बारस्कर (55) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में उसके पैर में चोट लगी थी। दर्द असहनीय होने और शराब की आदत के कारण वह मानसिक रूप से परेशान था।

जिला न्यायालय में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 27 नवम्बर। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर कपिल मेहता की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर श्योपुर में स्थित एडीआर भवन में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा

प्राधिकरण, श्योपुर कपिल मेहता द्वारा अपने संबोधन में मध्यस्थता की प्रक्रिया में रेफरल जज व मीडिएटर्स की भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला और वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अतर्गत मध्यस्थता की प्रक्रिया से पक्षकारों को होने वाले लाम के बारे में बताया। साथ ही अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। तत्संबंध में कपिल मेहता साहब द्वारा बताया कि मध्यस्थता का प्रभाव महाभारत से लेकर त्रेतायुग तक रहा है हमको मध्यस्थता करने के लिए उसके पीछे के कारणों पर जोर देना चाहिए कि किस कारण से विवाद हुआ है. तभी मध्यस्थता में सफलता संभव है।

इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय गोयल द्वारा मध्यस्थता प्रक्रिया को समझाते हुए उपस्थित अधिवक्ताओं को अपना सहयोग प्रदान किए जाने हेतु आग्रह किया। अध्यक्ष, अभिभाषक संघ ललित मुदगल द्वारा बताया कि एक सफल मध्यस्थता हेतु अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है।

उक्त मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आभार श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षित मध्यस्थ, पैनल अधिवक्तागण, जिला विधिक सहाया अधिकारी योगेश बंसल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स व पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे।